जनसंख्या हमारा प्रमुख संसाधन

पा.सं.	पाठ का शीर्षक	कौशल	क्रियाकलाप
14	जनसंख्या हमारा प्रमुख संसाधन	आत्म बोध, समालोचनात्मक सोच, समस्या समाधान, प्रभावी संचार, दबाव सह पाना	छोटे परिवार के नियमाचार तथा महिलाओं को समानता

अर्थ

किसी देश में निवास करने वाले लोगों की कुल संख्या जनसंख्या कहलाती है। भारत में हर दस वर्षों में इसकी गणना की जाती है।

प्रशिक्षित, विकसित, उत्पादक तथा स्वस्थ मानव संख्या देश की संपत्ति है। यह संपति सबसे बड़ा संसाधन है क्योंकि संसाधन मानव द्वारा विकसित किए जाते हैं इसलिए हमारी विशाल जनसंख्या को राष्ट्र के एक बड़े संसाधन के रूप में परिवर्तित करने के लिए अत्यधिक प्रयास की आवश्यकता है।

बहुत सी सुविधाएं जैसे कि परिवहन, संचार, उर्जा, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं, सिंचाई, खनन, उद्योग मानवों द्वारा ही विकसित किए जाते हैं। यह सभी मानव के दिमाग के उत्पाद हैं। इन्होने हमारे जीवन को हर तरह से सुखद बनाया है। इसलिए अधिक से अधिक लोगों को 'सुशिक्षित मानव संसाधन' में परिवर्तित करने के लिए सरकार को काफी अधिक निवेश करना होगा।



अपना दायरा फैलाएं

भारत में जनसंख्या नीतियां: 1952 में भारत दुनिया का पहला देश बना जिसने राष्ट्रीय जनसंख्या नीति अपनाकर परिवार नियोजन पर बल दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य जन्म दर को कम करना था।

राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000: आर्थिक और सामाजिक विकास का उद्देश्य लोगों के जीवन में गुणात्मक सुधार करना, उनके कल्याण में वृद्धि करना, समाज में लोगों को सुअवसर व विकल्प प्रदान कर उन्हें उत्पादनकारी परिसम्पति के रूप में विकसित करना है। इस नीति का दीर्घकालिक उद्देश्य 2045 तक सतत् आर्थिक विकास, सामाजिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के साथ एक स्थिर जनसंख्या प्राप्त करना हैं।

भारत में महिलाओं का सशक्तीकरण: यह महिलाओं को सशक्त कर उन्हे मुख्य धारा में लाने का प्रयास करना है तथा निर्णय लेने के विभिन्न स्तरों तक जैसे घर, स्थानीय स्तर, क्षेत्र, राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। इसका उद्देश्य है कि उन्नति, विकास और महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा देना और भेदभाव के सभी रूपों को समाप्त करना है। ये कदम उनके जीवन और भेदभाव के सभी रूपों को समाप्त कर जीवन और गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेगा।

स्वयं का मूल्यांकन कीजिए

प्र. जनसंख्या के घनत्व की गणना कीजिए जब किसी जिले की कुल जनसंख्या 425000 है तथा इसी जिले का क्षेत्रफल 800 वर्ग कि. मी. है?

$$\text{जनसंख्या घनत्व} = \frac{\text{लोगों की कुल जनसंख्या}}{\text{उसी क्षेत्र का कुल क्षेत्रफल}}$$

प्र. जन्म दर की गणना कीजिए जबकि एक वर्ष के अंतर्गत किसी क्षेत्र में जिन्दा जन्में बच्चों की संख्या 500 है तथा उसी क्षेत्र में मध्य वर्ष की जनसंख्या 20,000 है।

प्र. मृत्यु दर की गणना कीजिए जबकि किसी क्षेत्र में एक वर्ष के अंतर्गत मरने वाले लोगों की संख्या 400 है तथा उसी क्षेत्र में मध्य वर्ष की जनसंख्या 20,000 है।